Title: Need to sanction Rs. 100 crore for Malajkhand Copper Project in Balaghat district of Madhya Pradesh.

श्री प्रहलाद सिंह पटेल (बालाघाट) : महोदय, मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में तांबे और मैगनीज की अच्छे स्तर की खदाने हैं। इसमें मलाजखंडकापर प्रोजैक्ट ऐसा प्लान्ट है जो सम्पूर्ण कॉपर कम्पनी में आज भी अन्तर्राष्ट्रीय तांबे की कीमत से कम की लागत पर अपने उत्पादन का कीर्तिमान बनाए है। फिर भी देश के अन्य क्षेत्रों के नुकसान के कारण मलाज खंड कॉपर प्रोजैक्ट के कर्मचारियों और अधिकारियों को इस मंदी का शिकार होना पड़ रहा है। अत: मैं सरकार से मांग करता हूं कि मलाजखंड कॉपर प्रोजैक्ट के अच्छे कार्य को ध्यान में रखते हुए लगभग सौ करोड़ रुपए का गैर योजना व्यय प्रदान किया जाए। साथ ही कॉपर के स्मेलिटक प्लांट को मलाजखंड में ही स्थापित किया जाए जिससे मलाजखंड से खेतड़ी राजस्थान तक के परिवहन व्यय को सरकार बचा सके।